EXPORT PROMOTION COUNCIL FOR HANDICRAFTS
"EPCH HOUSE" POCKET-6 & 7, SECTOR-C, L.S.C., VASANT KUNJ, NEW DELHI-110070
Tel: 91-11-26135256 Email: compliancecell@epch.com
Fax: 91-11-26135518, 26135519 Web: www.epch.in

# PRESS RELEASE

## EPCH ORGANIZED AN AWARENESS SEMINAR ON "CUSTOMS CLEARANCE OF EXPORT AND IMPORT CARGO" AT RAJIV GANDHI BHAWAN, NEW DELHI

New Delhi – December 8, 2013 -- The Export Promotion Council for Handicrafts (EPCH) organized an Awareness Seminar on "Customs Clearance of Export and Import Cargo" at Rajiv Gandhi Bhawan, here yesterday. The seminar was conducted by Dr. Ram Singh, Associate Professor, Indian Institute of Foreign Trade (IIFT).

The session on custom clearance was aimed to educate the participants about various types of shipping bills used by exporters as well as various types of bills of entry filed by importers.

Dr Ram Singh explained the procedure involved in getting the import and export cargo cleared. The effort was made to apprise the participants about each step from filing of shipping bill / bill of entry to "Let Export Order" or " Out of Charge Order" by customs. Over 40 member exporters and buying agents actively participated in the interactive seminar.

Dr. Singh also informed the participants about the Customs Tariffs Act, various circulars and notifications and their implications on exports & imports. Further, he informed the gathering about various incentives/benefits that are available to the exporters and how these can be availed of by them. He laid stress on proper and correct filing of shipping bills in order to claim various benefits and also to facilitate smother and faster clearance of goods at the customs.

Meanwhile, a seminar was also organized in Kolkata to provide the required knowledge on latest trends & forecast, Importance of visual merchandizing and new colour trends of international market focusing small & medium exporters.

The speaker at Kolkata seminar interacted with the participants wherein over 45 exporters, NGOs, artisans were present and informed them about various Trends for Spring/Summer & Autumn/ Winter 2014-15 along with the details of materials, finishes, textures etc. During the seminar beneficiaries also raised few technical questions which were discussed and answered.

Mr. Rakesh Kumar, Executive Director-EPCH further informed that the Council will organize seminars on other subjects also for the promotion of handicrafts exports from the country.

For more information, kindly contact:

**Mr. Rakesh Kumar, Executive Director, EPCH at : 9818272171**

<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

**ईपीसीएच ने आयोजित की 'निर्यातित और आयातित**

**माल का कस्टम क्लियरेंस' पर जागरूकता संगोष्ठी**

*राजधानी के राजीव गांधी भवन में हुआ आयोजन*

**नयी दिल्ली, 08 दिसम्बर।** हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद (ईपीसीएच) ने राजधानी के राजीव गांधी भवन में कल 'निर्यातित और आयातित माल के कस्टम क्लियरेंस' विषय पर जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया। संगोष्ठी का संचालन इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेन ट्रेड (आईआईएफटी) के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. राम सिंह ने किया।

कस्टम क्लियरेंस पर इस संगोष्ठी का आयोजन निर्यातकों द्वारा इस्तेमाल किये जाने वाले शिपिंग बिलों के विभिन्न प्रकारों तथा आयातकों द्वारा एंट्री किये जाने वाले विभिन्न बिलों के बारे में प्रतिभागियों को जागरूक बनाने के लिए किया गया।

डॉ. राम सिंह ने आयातित और निर्यातित मामलों के कस्टम क्लियरेंस की प्रक्रिया की व्याख्या की। संगोष्ठी में कस्टम्स द्वारा शिपिंग बिल/बिल ऑफ इंट्री से लेकर 'लेट एक्सपोर्ट ऑर्डर' या 'आउट ऑफ चार्ज ऑर्डर' तक की प्रक्रिया के बारे में प्रतिभागियों को जानकारी दी गई। संवादमूलक संगोष्ठी में 40 से अधिक सदस्य निर्यातकों और बाईंग एजेंटों ने हिस्सा लिया।

डॉ. सिंह ने कस्टम्स ट्रैफिक्स एक्ट, विभिन्न प्रावधानों और परिपत्रों तथा आयात एवं निर्यात पर उसके पड़ने वाले प्रभावों के बारे में भी प्रतिभागियों को जानकारी दी। साथ ही, उन्होंने निर्यातकों को मिलने वाले विभिन्न प्रकार के लाभों तथा उसे इस्तेमाल करने के तौर-तरीकों से सभी को अवगत कराया। उन्होंने अनेक लाभ हासिल करने तथा मालों के सहज और तीव्र क्लियरेंस के लिए शिपिंग बिलों की सही फाइलिंग पर भी जोर दिया।

इस बीच, कोलकाता में भी एक संगोष्ठी आयोजित की गई, जिसमें छोटे और मध्यम निर्यातकों को ध्यान में रखकर नये-नये ट्रेंडों और संभावनाओं, विजुअल मर्चैंडाइजिंग तथा अंतरराष्ट्रीय बाजारों के अनुरूप नये कलर ट्रेंडों के बारे में आवश्यक जानकारी दी गई।

कोलकाता में आयोजित संगोष्ठी में कम से कम 45 निर्यातक, गैर-सरकारी संगठन और दस्तकार मौजूद थे, जिनसे वक्ताओं ने संवाद स्थापित किया तथा उन्हें 2014-15 की बसंत/ग्रीष्म तथा शरद/शीत ऋतु के विभिन्न ट्रेंडों के साथ-साथ मैटेरियल, फिनिशिंग और बुनावट के बारे में भी जानकारी दी गई। संगोष्ठी के दौरान लाभान्वितों ने कुछ तकनीकी प्रश्न उठाये, जिन पर विचार विमर्श किया गया और उनका उत्तर दिया गया।

ईपीसीएच के कार्यकारी निदेशक श्री राकेश कुमार ने बताया कि ईपीसीएच देश से हस्तशिल्प निर्यात को बढ़ावा देने के लिए अन्य विषयों पर भी संगोष्ठियां आयोजित करेगी।

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करेः-

श्री राकेश कुमार, कार्यकारी निदेशक, ईपीसीएच मो.- 9818272171




DR. RAM SINGH, ASSOCIATE PROFESSOR OF INDIAN INSTITUTE OF FOREIGN TRADE, EXPLAINING THE PROCEDURE INVOLVED IN GETTING THE IMPORT AND EXPORT CARGO CLEARANCE AT AN AWARENESS SEMINAR ORGANIZED BY EPCH AT RAJIV GANDHI BHAWAN, NEW DELHI ON DECEMBER 07. 2013




GLIMPSES OF THE SEMINAR ORGANIZED BY EPCH ON CUSTOMS CLEARANCE OF EXPORT AND IMPORT CARGO AT RAJIV GANDHI BHAWAN, NEW DELHI ON DECEMBER 07. 2013